प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

6 अगस्त 2021

रिज़र्व बैंक ने जी-सेक अभिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी 2.0) के अंतर्गत भारत सरकार की प्रतिभूतियों की खुला बाजार खरीद की घोषणा की

गवर्नर के 6 अगस्त 2021 के वक्तव्य में घोषणा किए अनुसार, रिज़र्व बैंक, जी-सेक अधिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी 2.0) के तहत 12 अगस्त 2021 को ₹25,000 करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियों की खुले बाजार खरीद आयोजित करेगा।

2. तदनुसार, रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य नीलामी पद्धति का उपयोग करके एक बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

क्रम संख्या	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	कुल राशि
1	IN0020210012	5.63% जीएस 2026	12-अप्रैल-2026	₹25,000 करोड़ (कोई प्रतिभूति-वार अधिसूचित राशि नहीं है)
2	IN0020170174	7.17% जीएस 2028	08-जनवरी-2028	
3	IN0020180454	7.26% जीएस 2029	14-जनवरी-2029	
4	IN0020160019	7.61% जीएस 2030	09-मई-2030	
5	IN0020020106	7.95% जीएस 2032	28-अगस्त-2032	

3. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद की मात्रा का निर्धारण करना।
- सकल राशि से कम राशि की बोलियां स्वीकार करना।
- पूर्णांकन प्रभाव के कारण सकल राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद करना।
- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ का स्वीकार या अस्वीकार करना।

4. पात्र प्रतिभागियों को **12 अगस्त 2021 को सुबह 10:00 और सुबह 11:00 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोलियां प्रस्तुत करनी होंगी। केवल सिस्टम विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ स्वीकार किए जाएंगे। इस तरह की भौतिक बोली रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से प्राप्त निर्धारित फॉर्म (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewForms.aspx) में **सुबह 11.00 बजे** से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को प्रस्तुत करना होगा।

5. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को **13 अगस्त 2021 को दोपहर 12 बजे** तक अपने एसजीएल खाते में प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/646

मुख्य महाप्रबंधक